# Himachal Pradesh

# Sirmour

अमर उजाला

28 June2026

# 15,000 अकाल अकादमी विद्यार्थियों ने बनाई हम नशामुक्त हैं मानव आकृति

**राजगढ़ (सिरमौर)।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट की ओर से संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। यह अभियान पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चलाया गया। विद्यार्थियों ने 'हम नशामुक्त हैं' की मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया।

यह गतिविधि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। सुबह आठ बजे सभी विद्यालयों के विद्यार्थी अपने-अपने परिसर में एक साथ एकत्र हुए। जिला सिरमौर में अकाल अकादमी साहिब के 185 विद्यार्थियों ने इस अभियान में सहभागिता की।

अकाल अकादमी बड़ू साहिब की प्रधानाचार्य कपिल तलवार ने इस पहल को विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय वर्षभर जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा और परामर्श सेवाओं के माध्यम से नशामुक्त परिसर बनाए रखने का प्रयास करते हैं।

अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के जन जागरूकता अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने ऐसे अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्ड प्राप्त किए हैं। संवाद

28 june,2026

# 15,000 अकाल अकादमी विद्यार्थियों ने बनाई 'WE ARE DRUG FREE' मानव आकृति, विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए

By admin




Spread the love

दैनिक भास्कर शिमला भास्कर 28-06-2026

# स्टूडेंट्स ने मानव श्रृंखला बना कर दिया नशामुक्ति का संदेश

राजगढ़ | अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग व अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित देशभर की 121 अकाल अकादमियों के 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ नशामुक्ति का संदेश देकर अनूठी मिसाल पेश की।

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में स्थित अकाल अकादमियों के विद्यार्थियों ने सुबह ठीक 8 बजे अपने-अपने विद्यालय परिसरों में एकत्र होकर हम नशामुक्त हैं शब्दों की विशाल मानव आकृति (ह्यूमन फॉर्मेशन) बनाई। इस अभियान का उद्देश्य केवल विश्व रिकॉर्ड बनाना नहीं बल्कि युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नशामुक्त भारत के सशक्त दूत के रूप में तैयार करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने व समाज को भी नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। अकाल अकादमी बड़ू साहिब के विद्यार्थियों ने भी इस अभियान में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने अनुशासित ढंग से मानव आकृति बनाकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि अकाल अकादमियों में पूरे वर्ष नशा जागरूकता अभियान, नैतिक व मूल्य आधारित शिक्षा, परामर्श सेवाएं और विभिन्न निवारक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि द कलगीधर ट्रस्ट लंबे समय से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और नशा उन्मूलन जैसे अभियानों को भी प्राथमिकता देता रहा है। सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार, मित्रों व समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

दैनिक सवेरा टाइम्स

27 June2026

# वी आर ड्रग फ्री के तहत अकाल अकादमी के 15 हजार विद्यार्थियों ने बनाई मानव आकृति




**सवेरा न्यूज, नाहन :** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। प्रातः 8:00 बजे, सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर वी आर ड्रग फ्री (हम नशामुक्त हैं) की मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। यह गतिविधि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर अकाल अकादमी बड़ू साहिब प्रधानाचार्या कपिल तलवार ने कहा कि यह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्ड तथा एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

News

28 June2026

# 'We are drug free' human formation by 15,000 Akal Academy students in world record bid

Akal Academy, run by The Kalgidhar Trust across Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh and Rajasthan, participated in a unique anti-drug awareness initiative, it said.

**PTI**

Updated: 27th Jun, 2026 at 1:30 PM

**Shimla:** Over 15,000 students from 121 Akal Academy schools on Friday created a human formation "we are drug free", demonstrating their collective pledge to remain free from substance abuse and promote a healthier society.

According to a statement issued here, the initiative marked the International Day Against Drug Abuse and Illicit Trafficking and the activity was conducted as an attempt to secure recognition from the World Book of Records, London.

At exactly 8 am, students gathered simultaneously at their respective campuses

पंजाब केसरी
SAT,27 JUNE 2026
EDITION: SOLAN KESARI, PAGE NO. 4



च्चों के साथ संस्था के पदाधिकारी। (अब्दुल)

सक्रिय भागीदारी भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही कालाअम्ब और देवनी पंचायतों को रैड जोन से ग्रीन जोन की श्रेणी में लाया जा सकता है।

इस मौके पर तहसीलदार नाहन उपेंद्र चौहान, कालाअम्ब थाना प्रभारी बलवंत चौहान, ए.एस.आई. करनैल सिंह, पंचायत प्रधान यशपाल शर्मा, सचिव जसबीर सिंह, उपप्रधान अशोक कुमार, श्याम सिंह, निशांत, राजीव, सुरेन्द्र व रोहित सहित अन्य मौजूद रहे।

**राजगढ़ ( स.ह. ):** ग्राम पंचायत शलाना में गठित नशा निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को पंचायत घर में ए.डी.एम. सिरमौर एल.आर. वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर एस.डी.एम. राजकुमार ठाकुर, बी.डी.ओ. उमेश सहित पंचायत प्रतिनिधि, समिति सदस्य, महिला मंडलों की प्रतिनिधियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

ए.डी.एम. ने कहा कि नशे की समस्या आज समाज के सामने गंभीर चुनौती बन चुकी है। केवल सरकारी प्रयासों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए समाज के ठाकुर, डा. सिम्मी शर्मा, प्रो. रमेश कुमार, समिति सचिव निरूपण शर्मा, राजेंद्र शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा व विशाल कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे।

## 15 हजार विद्यार्थियों ने बनाई हम नशा मुक्त मानव आकृति

**राजगढ़ ( स.ह. ):** अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर द कालगीधर ट्रस्ट द्वारा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान स्थित 121 अकाल अकादमियों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालय परिसरों में एकत्र होकर हम नशामुक्त हैं शब्दों की मानव आकृति (ह्यूमन फॉर्मेशन) बनाई। यह आयोजन विश्व बुक ऑफ रिकॉर्डस, लंदन में दर्ज कराने के उद्देश्य से किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प भी लिया। इस अभियान में अकाल अकादमी बड़ू साहिब के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

प्रधानाचार्य कपिल तलवार ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों की नशे के विरुद्ध दृढ़ प्रतिबद्धता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संकल्प का प्रतीक है। अभियान का उद्देश्य केवल रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नशामुक्त भारत के सशक्त दूत के



नाहन : खिलाफ



बी.बी. अशोक

## जूस की बोतल के लिए जा रहे 30 रुपए